मुख्य समाचार

- ग्वालियर में बनेगा टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन, पांच हजार लोगों को मिलेगा रोजगार।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम किया घोषित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को देश की तीसरी और अपग्रेडेड 'अमृत भारत ट्रेन' को दिखाएंगे हरी झंडी।
- दमोह जिले में आज एक सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मृत्यु, 5 गंभीर।

मंत्रिपरिषद बैठक

ग्वालियर में केंद्र सरकार की सहमति से टेलीकाम मैन्युफैक्चरिंग जोन बनाया जायेगा. यहाँ करीब 12 हजार करोड़ रुपये का निवेश आने की सम्भावना है और लगभग पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा. यह फैसला आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया. मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव होने जा रही है। इसमें 500 से अधिक आईटी कंपनियां शामिल होंगी.

उन्होंने बताया कि राज्य के कर्मचारियों के तबादले की नीति मंत्रिपरिषद की अगली बैठक में पेश की जाएगी. मंत्रिपरिषद ने टाइगर रिजर्व के बफर जोन में टाइगर और इंसान के बीच टकराव को रोकने के लिए 9 टाइगर रिजर्व में 145 करोड़ की लागत से फेंसिंग बनाए को भी मंजूरी दे दी। श्री शुक्ल ने बताया कि राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 50 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 5 मई तक 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने सभी प्रभारी मंत्रियों को गर्मी में पेयजल व्यवस्था की सतत समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

सामूहिक विवाह योजना

राज्य मंत्री-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के लिये भी कुछ संशोधनों को मंजूरी दी है। योजना के अंतर्गत अब बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। इसी तरह, संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रुपये में से वधू

को राशि रूपये 49 हजार का अकाउंट पेयी चेक और शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदान किया जायेगा।

यूपीएससी-परिणाम

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार नौ उम्मीदवारों की सिफारिश की है, जिनमें 725 पुरुष और 284 महिलाएं हैं। शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा, 2024 में पहला स्थान हासिल किया है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा की लिखित परीक्षा पिछले साल सितंबर में आयोजित की गई थी, जिसके बाद इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच साक्षात्कार हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रदेश के रोमिल द्विवेदी को 27वीं रैंक, क्षितिज आदित्य शर्मा को 58 वीं, मोनू शर्मा को 359 वी और योगेश राजपूत को 540वीं रैंक मिली है।

उप राष्ट्रपति संविधान

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संविधान की विषय-वस्तु निर्धारित करने में निर्वाचित प्रतिनिधि ही अंतिम निर्धारक है। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि संसद सर्वोच्च है और संविधान में संसद से ऊपर किसी की कल्पना नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि संविधान लोगों के लिए है और यह देश के प्रत्येक व्यक्ति जितना ही सर्वोच्च है। सर्वोच्च न्यायालय के दो विरोधाभासी बयानों का हवाला देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि गोलकनाथ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है और केशवानंद भारती मामले में उसने कहा कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा है।

अमृत भारत ट्रेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को सहरसा से मुंबई के बीच देश की तीसरी और वर्जन 2.0 में अपग्रेडेड 'अमृत भारत ट्रेन' को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल स्थित इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 'अमृत भारत ट्रेन' भारतीय रेल की एक क्रांतिकारी पहल है, जो कम किराए में हाई-स्पीड, अत्याधुनिक डिज़ाइन और सुविधाओं से भरपूर यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। इसकी अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटा होगी और किराया केवल 45 पैसे प्रति किलोमीटर रहेगा।

गांधी सागर अभयारण्य चीते

गांधीसागर अभयारण्य में छोड़े गए दोनों चीते प्रभास और पावक अपने नए घर के वातावरण में ढल गए हैं । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 20 अप्रैल को कूनों से लाए गए इन चीतों को गांधीसागर अभयारण्य में छोड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की आबोहवा चीतों के लिए अनुकूल है, यहां छोड़े गए चीते ईको सिस्टम को मजबूत करेंगे.

चीतों की निगरानी में 6 सदस्यीय दल जुटा है । इसमें कूनो नेशनल पार्क और बाहर से आए हुए विशेषज्ञ भी शामिल हैं। टीम लगातार चीतों पर नजर बनाए हुए है। चीतों के लिए 64 वर्ग किमी का बाड़ा तैयार किया है। लगभग पूरे बाड़े में ये घूम चुके हैं।

पृथ्वी दिवस

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में पृथ्वी को बेहतर बनाने के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कर पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा-भरा और सुंदर बनाएं।
भारतीय डाक विभाग द्वारा आज एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में भारतीय डाक विभाग के कर्मचारियों और ग्रीन प्लानेटबाईसिकिल एसोसिएशन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, भोपाल द्वारा “हमारी पृथ्वी, हमारी शक्ति” विषय पर “पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता” का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में भोपाल, बुधनी, नश्रुल्लागंज एवं रेहटी के 12 विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। खंडवा में इस अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में नदी, खेत तालाब, पोखर सहित सभी जल स्रोतों के संरक्षण का कार्य चल रहा है। सभी जिलों में जनप्रतिनिधि और प्रभारी मंत्री अपने-अपने स्तर पर 90 दिन तक चलने वाले इस अभियान का हिस्सा बने और अपना योगदान दें। आगामी 30 जून तक जारी रहने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में अमृत सरोवरों का भी निर्माण किया जा रहा है।

देवास जिले में अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले में vkt जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम सनखेड़ा में सामूहिक श्रमदान किया गया।

दमोह दुर्घटना

दमोह जिले में आज एक सडक दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर हैं. घायलों को जबलपुर मेडीकल कॉलेज भेजा गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि वाहन की रफ्तार तेज थी और वह अनियंत्रित हुई है। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने तत्काल मृतकों के लिये दो-दो लाख एवं घायलों के लिये पचास-पचास हजार रुपये सहायता राशि के रूप में मंजूर किये गये है।

समाचार संक्षेप में -----

- जबलपुर जिले में स्कूली बच्चों के लिए अब किताबें बेहद सस्ती दर पर उपलब्ध हो रही हैं। कक्षा पहली से पांचवीं तक की किताबों का सेट केवल 50 रुपए में, जबकि कक्षा 11वीं और 12वीं की किताबें 200 रुपए में मिल रही हैं।
- उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि ई आफिस का संचालन 1 मई से होगा। उन्होने सभी जिला प्रमुख अधिकारियों से कहा है कि ई आफिस संबंधी प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में कर लें ।
- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना कई व्यवसायियों को अपना व्यापार बढ़ाने में मददगार साबित हो रही है।
- बैतूल जिले में भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 24 अप्रैल को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सुबह 11:30 बजे से आयोजित की गई है।

- रायसेन के भोपाल मार्ग पर स्थित जिला भाजपा कार्यालय में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के समाज बंधु शामिल हुए।
- डिंडौरी  कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर नेहा मारव्या ने समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली ।